# CGBSE PARAKH

आदर्श प्रश्नपत्र 2025–26
कक्षा–10वीं
विषय – हिन्दी (070)

पूर्णांक – 75 समय – 3 घण्टे

---

निर्देश –

01. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
02. प्रश्न क्र. 01 मे दो खण्ड है जिसमें खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न खण्ड (ब) में अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक में 01 अंक निर्धारित है।
03. प्रश्न क्र. 02 से 04 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द सीमा 30 है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित है।
04. प्रश्न क्र. 05 से 10 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द सीमा 50 है। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित है।
05. प्रश्न क्र. 16 अपठित गद्यांश है इसमें पांच अंक निर्धारित है।
06. प्रश्न क्र. 17 पत्र लेखन है। इसमें 5 अंक निर्धारित है।
07. प्रश्न क्र. 18 निबंध लेखन है। इसका उत्तर 150–200 शब्दों में लिखिए इस प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित है।

---

प्रश्न 01. खण्ड 'अ' (i) सही विकल्प चुनकर लिखिए। [1X5=5]

01. ''हठीली'' शब्द प्रयुक्त हुआ है–

(अ) गेहूं के लिए (ब) सरसो के लिए
(स) धान के लिए (द) अलसी के लिए

02. कस्तूरी, मृग के अंग में समाहित होता है–

(अ) नाभी में (ब) कंठ में
(स) मस्तक में (द) ह्वदय में

03. 'जनतंत्र का जन्म' रस की कविता है –

(अ) हास्य रस (ब) करूण रस
(स) श्रृंगार रस (द) वीर रस

04. 'माटी कहे कुम्हार से' रचना है –

(अ) महादेवी वर्मा (ब) जयशंकर प्रसाद
(स) हरिशंकर परसाई (द) सुभद्रा कुमार चौहान

Visit CollegeDekho

05. शहीद वीन नारायण सिंह जमींदार थे –

(अ) कोमाखान (ब) सोनाखान
(स) कोलाखान (द) खैरागढ़

खण्ड 'अ' (ii) कोष्ठक में दिये गये शब्दों में से सही विकल्प चुनकर रिक्तस्थानों की पूर्ति कीजिए। [1X5=5]

(क) गृह प्रवेश कविता में कवि के मन की व्यथा ............ है। (अकेलापन/बेरोजगारी/गरीबी)
(ख) 'मरिया' पाठ की विधा ............ है। (निबंध/कहानी/नाटक)
(ग) काव्य में जहॉ वर्णों की आवृत्ति होती है, वहां ............ अलंकार होता है। (रूपक/उपमा/अनुप्रास)
(घ) 'बछरू मोर बिन काँदी, नइच्च खाय' पंक्ति ............. पाठ से उद्धृत है। (शील के बरवै छन्द/साध/कन्यादान)
(ङ.) 'सुप्रभात' शब्द में ............... उपसर्ग है। (प्रभात/भात/सु)

खण्ड (ब) अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [1X5=5]

1. वीर रस प्रधान कविताएँ किस काल में लिखी गई ?
2. हिन्दी साहित्य के इतिहास में "**श्रृंगार काल**" किस काल को कहा जाता है।
3. टिहरी शहर के लोग किस रंग की मिट्टी से चूल्हे की लिपाई करते थे।
4. मधुलिका के पिता का नाम लिखिए।
5. कवि ने जीवन की समानता झरने के किन–किन रूपों से की है?

प्रश्न 02. '**चंदा अस मन सुरूज कस तन**' में कौन–सा अलंकार है ? पहचान कर उसकी परिभाषा लिखिए। [1+1=2]

प्रश्न 03. 'आम्रकूट' से क्या तात्पर्य है ? [2]

प्रश्न 04.बाँझ के हरे भरे पेड़ और ठूँठ किस मानवीय भाव को प्रकट करते हैं? अपने शब्दों में लिखिए– [2]

प्रश्न 05. भूखन ने सिकुमार को नौकरी करने की सलाह क्यों दी ? उसकी नौकरी कैसे छूट गई ? स्पष्ट कीजिए । $[1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} = 3]$

प्रश्न 06. कविता के शीर्षक "साध" से जीवन की जिन अभिलाषाओं का बोध होता है, उन्हें अपने शब्दों में लिखिए। [3]

प्रश्न 07. नीचे लिखे मुहावरों/लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए– $[\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=3]$

(अ) खून पसीना एक करना।
(ब) अपना हाथ जगन्नाथ
(स) नजरें चुराना


Visit CollegeDekho

प्रश्न 08. पांच कौड़ी बाबू द्वारा शरद चंद्र के लिए कही गई तीन बातें क्या थीं लिखिए ? [1+1+1=3]

प्रश्न 09. नीचे दिए गए सामासिक शब्दों का विग्रह कर प्रकार के नाम लिखिए । [ $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=3$]

(अ) कोपाकुल
(ब) शताब्दी
(स) कमल नयन

प्रश्न 10. प्रयोगवाद की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए। [1+1+1=3]
प्रश्न 11. निम्नांकित पद्यांश का भावार्थ लिखिए। [4]

मैं यहाँ स्वच्छंद हूँ
जाना नहीं है।
चित्रकूट की अनगढ़ चौडी
कम ऊंची–ऊंची पहाड़ियाँ
दूर दिशाओं तक फैली है।
बाँझ भूमि पर
इधर–उधर रींवा के पेड़
कांटेदार कुरूप खड़े हैं।

(अथवा)

अमल धवलगिरि के शिखरों पर
बादल को घिरते देखा है।
छोटे–छोटे मोती जैसे
उसके शीतल तुहिन कणों को
मानसरोवर के उन स्वर्णिम
कमलों पर गिरते देखा है
बादल को घिरते देखा है।

प्रश्न 12. मजदूर नहीं होते तो हमारी दुनिया के विकास कार्यो का क्या होता ? कल्पना कर अपने शब्दों में लिखिए । [4]

**अथवा**

''**सबका दुःख अलग–अलग होता है**'' किस–किस तरह के दुःख के अनुभव आपने किए है? उन्हें अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 13. भक्तिन कौन थी ? महादेवी वर्मा को ऐसा क्यों लगता था कि वो (भक्तिन) अपने आपको उनकी अभिभाविका मानने लगी थी ? [1+3=4]

**अथवा**

मधुलिका ने पुरस्कार के रूप में राजा से क्या माँगा ? वह स्वयं बंदी अरूण के पास जाकर क्यों खड़ी हो गई?

प्रश्न 14. वीर नारायण सिंह कौन थे ? छत्तीसगढ़ की जनता के बीच वीर नारायण सिंह की लोकप्रियता के क्या कारण थे ? [1+3=4]

**अथवा**

मँदराजी दाऊ कौन थे ? छत्तीसगढ़ी के लोक नाट्य ''**नाचा विधा**'' को संक्षेप में समझाइए।


Visit CollegeDekho

प्रश्न 15. मीरा को जो अमोलक वस्तु मिली है उसके बारे में वह क्या–क्या बता रही हैं 'मीरा के पद' के आधार पर अपने शब्दों में लिखिए ? [4]

**अथवा**

**'भाई रे! ऐसा पंथ हमारा'** कविता में दादू के पंथ के बारे में पद में क्या–क्या बताया गया है ? लिखिए।

प्रश्न 16. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [1+1+1+1+1=5]

संस्कार ही शिक्षा है। शिक्षा इंसान को इंसान बनाती है। आज के भौतिकवादी युग में शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य सुख पाना रह गया है। अंग्रेजों ने इस देश में अपना शासन व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए ऐसी शिक्षा को उपयुक्त समझा, किंतु यह विचारधारा हमारी मान्यता के विपरीत है। आज की शिक्षा प्रणाली एकाकी है, उसमें व्यवहारिकता का अभाव है, श्रम के प्रति निष्ठा नहीं है। प्राचीन शिक्षा प्रणाली में अध्यात्मिक एवं व्यवहारिक जीवन की प्रधानता थी। यह शिक्षा केवल नौकरी के लिए नहीं जीवन को सही दिशा प्रदान करने के लिए थी। अतः आज के परिवेश में यह आवश्यक हो गया है कि इन दोषों को दूर किया जाए अन्यथा यह दोष सुरसा के समान हमारे सामाजिक जीवन को निगल जाएगा।

प्रश्न 01. उपरोक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।
02. भौतिक युग में शिक्षा का क्या उद्देश्य है ?
03. वर्तमान शिक्षा प्रणाली कैसी है ?
04. प्राचीन शिक्षा प्रणाली की विशेषता लिखिए ।
05. **'श्रम'** शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।
06. शिक्षा इंसान में क्या परिर्वन लाती है ?

प्रश्न 17. अपने नगर /क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारी को आवेदन पत्र लिखकर, अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में सुधार हेतु उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए। [1+3+1=5]

**अथवा**

किसी प्राकृतिक स्थल के भ्रमण को याद करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

प्रश्न 18. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 150–200 शब्दों में निबंध लिखिए। $[1\frac{1}{2} + 3 + 1\frac{1}{2} = 6]$

(अ) आधुनिक भारत का स्वदेशी अभियान।
(ब) मेरे जीवन का उद्‌देश्य।
(स) महंगाई समस्या और निदान।
(द) **'एक पेड़ मॉ के नाम'** अभियान में हमारी भूमिका।
(ई) डिजिटल इंडिया।


Visit CollegeDekho